दिनांक 15.10.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव के प्रयासों से अंडा चौक मैदान का हो रहा कायाकल्प, अंडा चौक के मैदान में फ्लड लाइट की रोशनी में हो सकेंगे मुकाबले

भिलाई नगर। अंडा खुर्सीपार के मैदान में दिन के अलावा रात्रि में भी खिलाड़ी अभ्यास कर सकेंगे। यहां फुटबाल, कबड्डी, वॉलीबॉल और खो-खो जैसे अन्य खेलों के मैच भी हो सकेगा। महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने निगम के अधिकारियों को खिलाड़ियों की मांग के अनुसार मैदान को खेल मैदान के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए थे। महापौर और निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर अधिकारियों ने मैदान को लगभग तैयार कर लिया है , कुछ कार्य ही शेष रह गए है। पूरे मैदान में रोशनी के लिए है 6 फ्लड लाइट लगाई गई है, एक फ्लड लाइट के पोल में 55 लाइटें है जहां फ्लड लाइट की रोशनी और कारपेट घास वाले मैदान में फुटबाल , कबड्डी जैसे आउट डोर खेल के मुकाबले हो सकते है।

दूसरा सबसे बड़ा मैदान

खुर्सीपार का दूसरा सबसे बड़ा मैदान होगा। नेशनल हाइवे के किनारे स्टेडियम है। जहां खिलाड़ी क्रिकेट की प्रैक्टिस करते हैं। अन्य खेलों के लिए खिलाड़ियों को इधर उधर मैदान का तलाश करना पड़ता था। अंडा चौक का मैदान विकसित होने से खिलाड़ियों की यह समस्या दूर हो गई है। चार साल पहले अंडा चौक के सामने की जगह खाली पड़ी थी। जिसे निगम प्रशासन ने पहले जगह को सुरक्षित करने के लिए सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार किया। 1 करोड़ 48 लाख की लागत से मैदान के चारों ओर फ्लड लाइट, कारपेट ग्रास एवं पाइपलाइन बिछाई गई है! घूमने के लिए फुटपाथ बना हुआ है। फुटपाथ के किनारे फुल और पौधे लगाए जा चुके हैं। प्रशासनिक भवन और टायलेट का निर्माण किया जा चुका है! अंडा चौक का होगा सौंदर्यीकरण जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर के कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर श्री देवेंद्र यादव के निर्देश पर अंडा चौक का भी सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा! जिसमें ब्यूटीफिकेशन कार्य , पाथवे एवं विभिन्न कलाकृतियों से अंडा चौक को आकर्षण का स्वरूप दिया जाएगा!